Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 25-06-2022 अंक 266

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# अवैध कोयला, स्टोन व बालू लदे 9 वाहन जब्त, 8 चालक गिरफ्तार, जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**







बरही पुलिस एवं खनन विभाग की ओर से की गई संयुक्त छापेमारी में बरही थाना क्षेत्र के बिलौतिया मोड़ के पास से अवैध कोयला लदा चार ट्रक, स्टोन चिप्स लदा दो हाइवा एवं अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त किया गया। जब्त किए गए वाहनों में ट्रक संख्या ट्रक संख्या जेएच 10 ए आर/ 7058 जेएच 01 एयू / 6221 ट्रक संख्या जेएच 02 वाई/ 3627, ट्रक संख्या जेएच 12एएफ/ 8522 , हाइवा संख्या बीआर 21जीबी/ 6666, हाइवा संख्या बीआर27एफ/ 5286, ट्रैक्टर संख्या जेएच02बीसी/ 8059, ट्रैक्टर संख्या जेएच 12एम/ 8703 , ट्रेक्टर संख्या जेएच12एल/ 4068 शामिल है। मौके पर से आठ वाहनों के चालक को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए वाहन चालकों में छोटू महतो पिता गुडा महतो ग्राम मतारी थाना तोपचांची जिला धनबाद , सत्येंद्र महतो पिता देवचंद महतो ग्राम पोटसो थाना नावाडीह जिला बो. कारो, मन्नू कुमार पिता लीलो यादव ग्राम मधुबन पोस्ट थाना जिला कोडरमा, रामखेलावन यादव पिता स्वर्गीय चंद्रिका यादव ग्राम भदोखरा थाना मुफस्सिल जिला नवादा बिहार, विकास यादव पिता राजकुमार यादव ग्राम भंडारों थाना बरही हजारीबाग, सुभाष पासवान पिता दिलचंद पासवान ग्राम भंडारों थाना बरही जिला हजारीबाग ,मुकेश यादव पिता दुर्गा यादव ग्राम नीरू पहाड़ी थाना जिला कोडरमा ,धनेश्वर यादव पिता भवानी यादव ग्राम भंडारों थाना बरही जिला हजारीबाग शामिल है। उपरोक्त सभी लोगो के खिलाफ अवैध माइनिंग परिवहन, चोरी, एवं जालसाजी के आरोप में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया गया। सभी गिरफ्तार चालको को जेल भेज दिया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध तरीके से कोयला, स्टोन एवं बालू की अवैध कारोबार चल रहा है। जिसके बाद खान निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल के द्वारा ही नौ वाहनों को पकड़ा गया। किसी के पास कोई वैध काग. जात नही मिला। छापेमारी दल में खान निरीक्षक सुनील कुमार, एसआई दिनेश कुमार सहित बरही थाना के रिजर्व गार्ड एवं टास्क फोर्स के सशत्र बल के जवान शामिल थे।

# राज्य स्तर पर छठा स्थान लाने वाली ईशु बनना चाहती है आईएएस अधिकारी

## इंडियन एंथम स्कूल ने प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले 20 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**







बरसोत पंचायत के श्रीनगर में संचालित इंडियन एंथम स्कूल की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधाकर यादव एवं संचालन सुनील सोनी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति , संरक्षक सह समाजसेवी कृष्णा यादव उप मुखिया रीता कुमारी, सीताराम यादव, दिनेश यादव ,सुखदेव यादव ,कुमार प्रणव यादव, विजय यादव ,कृष्ण यादव, इंद्रदेव यादव ,पप्पू यादव ,सिकंदर यादव ,अनिल यादव, सतपाल यादव ,अर्जुन यादव, कृष्णा यादव,महावीर यादव, गिरजा देवी ,मंजू देवी ,सुंदरी देवी, सुमित्रा देवी ,जसोदा देवी ,दुलारी देवी ,कैलाश देवी, निशा देवी, कंचन देवी, पिंटू यादव सहित सभी अतिथियों को बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर सभी अतिथियों ने निदेशक सुधाकर यादव एवं अन्य सहयोगी शिक्षकों के साथ इंडियन एंथम स्कूल से जैक की 10 वीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिन्हें सम्मानित किया गया, उनमे ईशु कुमारी, अश्विनी कुमारी, चंचला कुमारी, पूजा कुमारी ,किशन कुमारी रिया कुमारी विनीता कुमारी, पूनम कुमारी ,संजीत कुमार,प्रियंका कुमारी, हीरालाल, नीतीश कुमार, रुपेश कुमार, हरीश भुइयां, सचिन कुमार, खुशबू कुमारी ,प्रवीण कुमार ,दीपा कुमारी, रूपा कुमारी, काजल कुमारी, सावित्री कुमारी शामिल हैं। इस अवसर पर राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ईशु कुमारी, विद्यालय के अन्य टॉपर अश्विनी कुमारी एवं चंचला कुमारी के माता पिता को भी विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। ईशु ने आईएएस अधिकारी एवं अशिवनी एवं चंचला डॉक्टर बनने को इच्छा जताई। मौके पर निदेशक सुधाकर यादव, प्राचार्य सुनील सोनी ,हरिशंकर शर्मा ,घनश्याम प्रजापति , डीएन साव, राधे रमण मिश्रा ,विश्वनाथ माली ,लक्ष्मी चौरसिया, विंदू मिश्रा, रिचा गुप्ता ,अर्चना कुमारी ,दीपा वर्मा राजेश कुमार ,गिरजा देवी ,मंजू देवी ,सुंदरी देवी, सुमित्रा देवी ,जसोदा देवी ,दुलारी देवी ,कैलाश देवी, निशा देवी, कंचन देवी, पिंटू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रशासनिक क्षमता विकास पर संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई बरही बीडीओ, दो महीना में किए कार्यों को बताया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रांची में शुक्रवार को आयोजित प्रशासनिक विकास पर संगोष्ठी कार्यक्रम में बरही बीडीओ सी आर इंदवार भी शामिल हुई। साथ ही उन्होंने दो महीनों में उनके द्वारा किए गए कार्यों को बताया। वहीं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन एवं ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने बरही बीडीओ द्वारा किए गए कार्यों को सराहा। मुख्यमंत्री हेमंत साइन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की झारखंड राज्य अन्य राज्यों से काफी अलग है। हमारे राज्य में पांच प्रमंडल है। पांचो प्रमंडलो में भिन्नता है। झारखंड आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक बहुल राज्य है। हमे इस राज्य की अलग - अलग भौगोलिक वातावरण तथा भाषा, संस्कृति के अनुसार व्यवस्थाओ को सही करते हुए आगे बढ़ने के आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों से स्थानीय भाषा जानने का भी अपील किया।

APEM LIVE

# बच्चों को मध्यम भोजन में नहीं मिल रहा है पोस्टिक आहार

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा : एक तरफ सरकार कुपोषण को दूर करना चाहती है तो दूसरी तरफ शिक्षक उनके पोस्टिक आहार को ही गायब कर दे रहे हैं।. ताजा मामला चलकुशा प्रखंड के खरगु पंचायत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में देखने को मिला अभिभावकों ने स्कूल पर बच्चों को पोस्टिक आहार नहीं देने का मामला उठाया गया।. जिस पर संज्ञान लेते हुए पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी, समाजसेवी अख्तर अंसारी, लखन पासवान, सुनील रजक, सुनील अंसारी, अल्ताफ अंसारी आदि ने स्कूल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे पहुंचने पर पता चला कि अभिभावकों द्वारा सही पाया गया. स्कूल के बच्चों द्वारा बताया गया कि स्कूल में भरपेट भोजन भी नहीं दिया जाता है वही वर्ग सप्तम के बच्चों ने बताया कि कक्षा में शिक्षक ठीक से आते नहीं है कई दिनों से उनके कक्षा में शिक्षक नहीं आ रहे हैं. जबकि आज सुबह से 10:45 बजे तक सिर्फ एक शिक्षक सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए आए थे. पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा कहा गया कि स्कूल सरकार के द्वारा गाइ. डलाइन से बच्चों को मिडडे मील नहीं दे रही है तथा कई बच्चों को रोज बिना भोजन कहीं वापस जाना पड़ रहा है. न जाने इस तरह के मामले प्रखंड में और कितने स्कूलों में हो रहा है वह आने वाला समय ही बताएगा. हम वरीय पदाधिकारी से मांग करते हैं उचित जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए. प्रधानाध्यापक रामेश्वर उरांव से इन सभी मामलों से पूछने पर उन्होंने बताया कि प्रबंधक समिति के अध्यक्ष के द्वारा सही समय पर पोस्टिक आहार नहीं लाया जाता है जिसके कारण बच्चों को नहीं मिल पाता है. प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी अशोक पाल से पूछने पर उन्होंने कहा कि मामले पर उचित जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में पेपर क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत में शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सीसीए के तहत पेपर क्राफ्ट अ०रिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से लेकर कक्षा दसवीं तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो भागों में आयोजित किया गया। जूनियर वर्ग से प्रथम स्थान अनुष्का ग्रुप कक्षा पांचवा ने प्राप्त की द्वितीय स्थान शिवम ग्रुप कक्षा पांचवां ने प्राप्त किया और सेलिना ग्रुप कक्षा तीसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर सेक्शन में प्रथम स्थान अंशु ग्रुप और रानी ग्रुप कक्षा 9 ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान माही ग्रुप और नेहा ग्रुप कक्षा दसवां ने प्राप्त किया और तृतीय स्थान चांदनी ग्रुप और सीता ग्रुप कक्षा 6 ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में उप. स्थित विद्यालय के प्राचार्य नितेश कुमार ने प्रतियो. गिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को देखकर उनकी प्रशंसा की उन्होंने बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट के बारे में बताते हुए कहा कि आर्ट एंड क्राफ्ट आजकल लोगों की ह०बी के साथ साथ टाइमपास करने का एक अच्छा विकल्प है। इस तरह से अपनी क्रिएटिविटी उभारने का आर्ट एंड क्राफ्ट से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। इसके तहत आप किसी भी चीज को बेहतर कलाक. ारी का नमूना पेश कर सकते हैं। उन्होंने ओ. रिगामी शब्द के बारे में बच्चों को बताते हुए कहा कि ओरिगामी शब्द जापानी शब्द है। जापानी भाषा में औरों का मतलब होता है फोल्ड करना और गामी का मतलब होता है पेपर यानी पेपर को फोल्ड करके किसी का रूप देना। आज यह दुनिया भर में मशहूर है। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के सलाहकार रा. जेंद्र प्रसाद ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अनुपयोगी वस्तुएं जैसे कई प्रकार के कागज ,प्लास्टिक ,धातु इत्यादि से वे उपयोगी सामान बनाना भी सीखते हैं। घर में बेकार पड़ी ची. जों से वे सुंदर सुंदर डिजाइन या डेकोरेशन का सामान बना सकते हैं। इस प्रकार वे रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं । मौके पर उपस्थित विद्यालय के निर्देशक टुकलाल साव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के कार्यक्रम भी आयोजित कराती है। ताकि बच्चे पढ़ाई को बोझ ना समझे और इस तरह के कार्यक्रम से उनका मन भी लगा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र प्रसाद, विभा शर्मा, डिंपल कुमारी, अजय कुमार, नरेश कुमार, ,सरिता कुमारी, कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी, कोमल कुमारी, कविता कुमारी, सविता कुमारी, शीला कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## प्रखंड प्रमुख के पहल पर ठीक कराया जा रहा है अस्पताल की पानी निकासी का ड्रेनेज सिस्टम

### संसाधन युक्त अस्पताल से मिले सभी स्वास्थ्य सुविधाएं : मनोज रजक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अपने निगरानी में ड्रेनेज सिस्टम ठीक कराते प्रमुख मनोज रजक

पिछले दिन हुई बारिश से अनुमंडलीय अस्पताल के ड्रेनेज सिस्टम ( पानी निकासी) की पोल खुल गयी। पानी की निकासी नही होने के कारण डॉक्टर्स रूम एवं लैब रूम सहित बरामदा में भी पानी भर गया। जिससे मरीजो सहित स्वास्थ्यकर्मियों को काफी परेशानी हुई। स्वास्थ्यकर्मियों ने इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख मनोज रजक को दी। मनोज रजक रात में ही अस्पताल पहुंचे और अस्पताल की स्थिति देख डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के संवेदक से दूरभाष पर बात कर जल्द से जल्द ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने का निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में शनिवार से ड्रेनेज सिस्टम को ठीक कराने का काम शरू करवा दिया। पानी निकासी को लेकर जरूरत के अनुसार पाइप लगवा दिया जा रहा है। प्रमुख खुद अपने निगरानी में काम करवा रहे हैं। प्रमुख ने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम को ठीक कराने के लिए कम से कम चार सोखता बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बरही वासियों को संसाधन युक्त अस्पताल की सुविधाएं मिले। इस पर मेरा विशेष ध्यान है। सरकार के द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं आम जन तक एवं जरूरतमंद तक पहुंचे इसका ख्याल रखा जाएगा। मौके पर समाजसेवी रमेश ठाकुर सहित कई स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद थे।

## झारखण्ड 33 वां प्रांतीय कब्बडी खेलकूद प्रतियोगिता में भामाशाह के प्रतिभागियों ने लहराया परचम

### बहनों के बाल वर्ग ने द्वितीय स्थान , व बहनों के किशोर वर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित करते अध्यक्ष अमित साहू

विद्या विकास समिति, झारखंड के द्वारा आयोजित 33 वाँ प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो खेलकूद समारोह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली हजारीबाग में संपन्न हुआ। इस समारोह में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के 36 भैया बहनों ने भाग लिया। भामाशाह विद्यालय से इस समारोह में कुल 3 टीमें भाग ली। इस समारोह के कबड्डी प्रतियोगिता में बहनों के बाल वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बहनों के किशोर वर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी बहनों ने विजयी परचम लहराते हुए अपना एवं अपने विद्यालय का नाम पूरे झारखंड प्रांत में रोशन किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के अध्यक्ष अमित कुमार साहू एवं प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें ढेर सारी बधाइयां दी। इस प्रतियोगिता के संरक्षक के रूप में रश्मि कुमारी एवं आचार्य रवि शंकर प्रियदर्शी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी ने सभी भैया बहनों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नाई समाज के विकास के लिए शिक्षा पर देना होगा जोर : इन्द्रदेव ठाकुर

### गौरियाकर्मा में नाई समाज की बैठक, सामाजिक एकजुटता पर जोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल नाई समाज के लोग

समेकित नई समाज की बैठक चरवाहा विद्यालय गौरियाकरमा के प्रांगण में हुई । बैठक की अध्यक्षता इंद्रदेव ठाकुर ने किया । बैठक में समाज के आ. र्थक, सामाजिक एवं सांस्कृ तिक विकास पर गहन चर्चा की गई । बैठक को संबो. धित करते हुए इंद्रदेव ठाकुर ने कहा की नाई समाज का विकास तभी संभव है, जब हम सब नाई समाज के एकजुटता एवं शैक्षणिक विकास पर जोर दें। नाई समाज को भी सामाजिक आर्थिक समस्या पर गहन मंथन करते हुए शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है । सभी लोगो ने एक स्वर से सामाजिक एकजुटता पर जोर देने की बात कही। ग्रामीण स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। मौके पर लखन ठाकुर ,अर्जुन ठाकुर, चंदन शर्मा ,सुरेश ठाकुर ,रामजीत ठाकुर ,रामपाल ठाकुर, बा. सुदेव ठाकुर ,देवनारायण ठाकुर ,सेवल ठाकुर, महेंद्र ठाकुर ,राजकुमार ठाकुर, टुकन ठाकुर ,गणेश ठाकुर, सुमित ठाकुर ,संतोष कुमार शर्मा ,केशो ठाकुर ,भरत शर्मा ,अरुण ठाकुर, भिखारी ठाकुर ,अशोक ठाकुर ,संदेश कुमार ,मनोज ठाकुर सहित नाई समाज से जुड़े कई लोग मौजूद थे।

## ढाई साल से अधूरा पड़ा है, कोल्हुआकला शमशान घाट का कार्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के कोल्हुआकला में लाखो के लागत से शमशान घाट में शेड निर्माण का शिलान्यास लगभग दो पूर्व किया गया था। जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया की शमशान घाट का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से बरसात में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन इस और किसी जनप्रति. निधि का ध्यान नहीं है। वहीं ग्रामीणों ने अपने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया की इस शमशान घाट का निर्माण कार्य जल्दी पूरा किया जाए। कोल्हुआकला पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया मंगलदेव यादव ने बताया की इस शमशान घाट का निर्माण कार्य बहुत जल्दी पूरा किया जायेगा। जिससे इसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके।

Prop.- SKG
Mob.- 7654147310, 7549147130
RS ENTERPRISES
Wholesale & Retail
Dealers & Suppliers In : Lifestyle Goods All Types Of Office, School Stationary & Equipments
DOMS LINC Rorito Camlin Reynolds Luxor Elkos HAUSER Pidilite CASIO Mufix Flair cello NATARAJ apsara kangaro शर्मा गेम्स
Bakri Bazar, Dhanbad Road, Barhi (Hazaribag)

PUSTAK BHANDAR
Dealers & Suppliers In : Sports Goodies Equipments & Kit,
Lifestyle Goods All Types Of Office, School Stationary & Equipments
DOMS LINC Rorito Camlin Reynolds Luxor Elkos FABER CASTELL HAUSER Pidilite CASIO Mufix Flair cello MILTON NATARAJ apsara kangaro शर्मा गेम्स
Prop.- Shailendra Kr. Gupta 7549147130, 7488420718, 7004844865

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र एवं श्रीनिवास ब्लड बैंक, डेमोटांड़ के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ह०स्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवाश्रम परिसर में आयोजित शिविर में 40 से अधिक लोगों ने स्वेच्छक रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा का संदेश दिया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह समेत गणमान्य लोगों ने स्व. गजानंद मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप जलाकर किया। बीडीओ ने कहा कि रक्तदान सबसे पुण्य का कार्य है। रक्तदान से जरूरतमंद मानव रोगी के जीवन की रक्षा की जा सकती है। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इसके उपरांत बीडीओ संजय कोंगारी समेत उपप्रमुख सरयू साव, बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल, चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार, पंसस अजय मंडल, पूर्व मुखिया राजेन्द्र महतो, रवि सिंह, गौतम भारती, नीतीश कुमार, ऋत्विक मिश्रा, पवन प्रताप सिंह, अरविन्द लाहकार, वरुण शर्मा, नैना देवी, भास्कर दूबे, नरेश राम, प्रदीप कुमार दास समेत कई लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में चेड़रा उपमुखिया रीना बर्मन, रीता देवी, यशवंत मिश्रा, राजू श्रीवास्तव, सुरेश राम, गौतम वर्मा, शशि लाहकार, ब्रजेश कुमार, सुनील अकेला, रीता दूबे समेत कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।



शिविर में रक्तदान करते चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार

## पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम को किया गया समान्नित

### शिक्षा और समाजिक विकाश करना मेरा लक्ष्य : कृष्णा राम

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड के चेपाकला पंचायत के अंतर्गत ग्राम जुगरा पंदनवा टांड़ के उत्कर्मित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक छात्रों एवं ग्रामीणों के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रुप से गुणवत्ता शिक्षा एवं बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो, बिजली आवास, पेयजल ,इत्यादि समस्याओं पर चर्चा किया गया.। पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम उप मुखिया आकांक्षा कुमारी को माला और श०ल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया कृष्णा राम ने लोगो को संबोधन करते हूवे कहा की मैं काम करने के लिए भूखा हूं । आप लोग मुझे मदद करें जब भी हमारी जरूरत हो हमें याद करें इस बार हमारे पंचायत में नेतृत्व करने के लिए सभी युवा वर्ग के ज प्रति. निधि आए हैं । और सभी के अंदर बेहतर कार्य करने का ललक है ।मौके पर मुख्यरूप से विद्यालय प्रभारी बालदेव शाह सहायक शिक्षक रामदुलार साव, अध्यक्ष तारा देवी , संयोजिका मोहनी देवी , चिंतामणि गंझु ,खैंटू सिंह भोक्ता, नागेश्वर गंझू,हरीश गंझु ,प्रभु गंझु, देवा गंझू,अघन गंझू, भुनेश्वर प्रजापति, रवि कुमार साव,जीरा देवी ,अनीता देवी , शोभा देवी व अनेको लोग उपस्थित थे।


पं स स कृष्णा राम को सम्मानित करते लोग

## अदाणी फॉउंडेशन ने गाली गांव में 65 मरीजों का किया इलाज निशुल्क दवा का वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : गोन्दलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फ०उंडेशन ने शनिवार को बड़कागांव के गाली गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने 65 मरीजों की जांच की गई तत्पश्चात निशुल्क दवा का वितरण किया गया। कैम्प में डॉक्टर ने ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर और वजन मापा, धड़कन और नब्ज जाँची और साथ ही सामान्य शारीरिक फिटनेस की जानकारी ली। इसके अलावा ग्रामीणों के शुगर की भी जांच की गयी। कई ग्रामीणों ने डॉक्टर से अपने आँखों की समस्याएं, बॉडी पेन और सिजनल बीमारियों की भी शिकायत की। ग्रामीणों ने कहा कि डॉक्टर द्वारा दी गयी सभी सलाह का वो अनुपालन करेंगे।वहीँ मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को कोरोना से बचाव के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की ग्रामीण से की। बताया कि कोरोना महामारी अभी ख़त्म नहीं हुई है। इसलिए इससे बचाव के लिए जागरूक रहने की जरुरत है।




## एनटीपीसी वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ, हार्ड हीटर्स ने डेयरडेविल्स को 2-1 से हराया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : एनटीपीसी कार्यालय सीकरी के खेल मैदान में एनटीपीसी कोल माइंस पकरी बरवाडीह के तत्वाधान में खेल को बढ़ावा देने को लेकर महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आठ दिवसीय व०लीब०ल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के पहले मैच मे हार्ड हिटर्स एवं डेरडेविल्स के बीच किया गया जिसमें पकरी बरवाडी के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव की कप्तानी में हार्ड हिटर्स ने 2-1 से डेरडेविल्स को पराजित किया। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। मौके पर महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा की स्पोर्ट्स काउंसिल एवं मानव संसाधन विभाग के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। निरंतर खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन होता रहना चाहिए।इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के अपरमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, पकरी बरवाडीह नार्थ वेस्ट परियोजना के अपरमहाप्रबंधक प्रभाकर चौधरी, स्पोर्ट्स क०उन्सिल के उपाध्यक्ष रवि टुड्डू, सचिव अभय चौधरी, एवं नवीन माखीजा उपस्थित रहें।


6 महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित खिलाड़ी

सम्मान समारोह २०२२

अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है की डॉ भीम राव अंबेडकर स्कूल के दसवीं परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं ।

दिनांक - 26 जून
दिन- रविवार

Dr.B.R.Ambedkar
school malkoko
9471161425

## ननाई कला विद्यालय में बच्चों का आवंटन राशि कम बटने व अभिभावकों के साथ मारपीट करने को लेकर विरोध प्रदर्शन

### गली गली में शोर में हैं विजय प्रधानाध्यापक चोर है : आक्रोशित बच्चे व उनके अभिभावक

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**

प्रतापपुर(चतरा) : गली गली में शोर हैं विजय प्रधानाध्यापक चोर है। जी हा ये नारा कोई राजनीति दल के नेताओ द्वारा नहीं बल्कि स्कूली बच्चों द्वारा तब लगाए जाने लगे जब प्रतापपुर ननई कला स्कूल में स्कूली क्षात्रों के बीच क्षात्रवृत्ति कम बाटा जा रहा था। जी हा दरअसल पूरा मामला है कि प्रखंड क्षेत्र के ननाई कला विद्यालय में बच्चों के आवंटन राशि कम मिलने को लेकर ननाई कला के छात्र व उनके अभिभावकों ने प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। मामला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ग्राम ननाई कला का हैं।जहाँ पढ़ने वाले बच्चों के बीच आवंटन राशि बहुत कम दिया जा रहा था। विद्यालय में पढ़ रहे पहला से पांचवा क्लास के छात्र छात्राओं को 500 रुपया व छटा से आठवां में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को 600 रुपया दिया जा रहा था। इसी को लेकर बच्चों के अभिभवक जब विद्यालय के शिक्षक विजय साव से पूछने गए तो विजय साव ने बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ मारपीट करने लगा। ननाई कला के ग्रामीण महिलाओं को कहना है कि विजय साव जो विद्यालय के शिक्षक हैं जब उन से हमलोग कम राशि बटाने के बारे में पूछने गए विद्यालय में तो विजय साव ये बोल कर धमकी देते हुए कहा कि तुमलोगो को जो पैसा मिल रहा है ओ चुप चाप ले लो, अगर ज्यादा पैसा मांगोगे तो विधवा महिला बना दूंगा। स्कूल के बच्चे को कहना है कि हमलोग पंचायत के मुखिया से मिलने गए तो ओ नही मिले इसके बाद प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया गया तो बीडीओ मुरली यादव ने आश्वासन दिया है कि मैं स्कूल के सभी बच्चों को उचित पैसा दिलाऊंगा।



APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## चतरा की किशोरियां को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



शैक्षणिक भ्रमण में शामिल किशोरियां

विष्णुगढ़ में शनिवार को चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड से पहुंची किशोरियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। सभी किशोरियां सिमरिया के लोक प्रेरणा केंद्र से विष्णुगढ़ में संचालित समाधान संस्था पहुंची थी। संस्था जीएफएफ परियोजना द्वारा संचालित है। यहां पहुंचने पर विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के सभागार में संस्था के सदस्यों ने सभी का स्वागत किया। संस्था द्वारा आगंतुक किशोरियों को विष्णुगढ़ क्षेत्र में किए जा रहे कार्य, मुद्दे, कार्यक्षेत्र तथा गतिविधि के बारे में बताया गया। संस्था के कार्य के बाद क्या बदलाव आया है, इसकी जानकारी दी गई। सभी किशोरियों ने भी अपने अनुभवों को एक दूसरे से साझा किया। इसके उपरांत सभी किशोरियों को प्रखंड के कोनार डैम की रमणिक वादियों का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के बाद किशोरियों में खुशी देखी गई। मौके पर संस्था कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिंटो, रश्मिलता, नीतू कुमारी, प्रभा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में सम्मन समारोह का आयोजन किया गया






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने बताया कि विद्या विकास समिति,झारखंड के तत्वाधान में 33वाँ प्रांतीय कबड्डी एवं खो–खो प्रतियो. गिता हजारीबाग में 24 जून को संपन्न हुआ।कबड्डी में बाल वर्ग भैया और बहन एवं किशोर वर्ग में भैया ने अपनी दमदार उप. स्थिति दर्ज कराते हुए तीन स्वर्ण पदक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। विजेता भैया–बहनों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं दल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त भैया–बहन आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने भागलपुर(बिहार)प्रस्थान करेंगे। मौके पर विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा एवं प्रधानाचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत,दल भावना का समन्वय एवं कोच अनिता कुमारी और प्रसून सिंह के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। प्रबंधकारिणी समिति एवं विद्यालय परिवार होनहार बच्चों को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## जिला परिषद् अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने पदभार संभाला

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज शनिवार 25जून को गिरिडीह जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद् अध्यक्ष मुनिया देवी और उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने पदभार ग्रहण किया। गिरिडीह डीडीसी शशिभूषण मेहरा, जिला अभियंता भोला राम समेत सभी जिला परिषद् सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया। डीडीसी शशिभूषण मेहरा और जिला अभियंता भोला राम ने जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी और उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव को पदभार ग्रहण करवाया। पदभार ग्रहण करने के बाद जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने अपने संबोधन में कहा कि जब मैं चुनावी दौरा क्षेत्र में कर रही थी तो मैंने देखा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या भयावह है, इसलिए ऐसे में गिरिडीह ज़िला के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को दूर करना जिला परिषद के नए बोर्ड की प्राथमिकता रहेगी। जिला परिषद् सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा और अनवर अंसारी ने जिला परिषद् अध्यक्ष मुनिया देवी और उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव को बुके देकर सम्मानित किया और बेहतर कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।




## सहारा इंडिया कंपनी के कार्यकर्ताओ और निवेशकों ने गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू को आवेदन देकर लगाई भूगतान कराने की गुहार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू को सहारा इंडिया कंपनी के पचंबा एफसी कार्यालय के कार्यकाराओं की एक प्रति. निधि मंडल ने आवेदन देकर सम्मानित निवेशकर्ताओं के जमाधन की भूगतान कराने को लेकर गुहार लगाई है। विधायक को सौंपे गए आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पिछले तीन सालों से सहारा इंडिया कंपनी ने अपने नि. वेशकर्ताओं का जमाधन समय पूर्ण होने के बाबजूद भूगतान नही कर रही है जिसके कारण किसी के बेटी की शादी का समय आगे बढ़ाना पड़ रहा है तो किसी के बच्चें की पढ़ाई रुकी हुई है। सबसे विकट स्थिति उस परिवार में उत्पन्न हो रही जिसके परिवारिक सदस्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं और जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहे हैं जमाधन समय पर नहीं भूगतान मिल पाने के कारण। कोई अपना घर नही बना पा रहा है तो कोई जमीन बेचकर या महंगे ब्याज दर पर ऋण लेकर बेटी की शादी कर रहा है या अपनी बीमारी का इलाज करवा रहा है। कई निवेशकर्ताओं ने तो दम तोड दिया आर्थिक अभाव के कारण। सहारा इंडिया कंपनी के कार्यकर्ताओ के आगे भुखमरी सी छा गई है। कुछ वर्षो पूर्व सहारा इंडिया कंपनी यह दावा करती थी कि हमारी कंपनी देश के बारह लाख बेरोजगारों को रोजगार उपल्ब्ध करवा कर बेहतर तरीके से जिंदगी जीने का इनकम उपल्ब्ध करवा रही है। पिछ्ले तीन वर्षो से सहारा इंडिया कंपनी के कई कार्यकृताओं ने निवेशकर्ताओं के जमाधन भुगतान नहीं करवा पाने को लेकर दबाव में आकर आत्महत्या कर चुके हैं और कई कार्यकर्ता अनिंद्रा का शिकार होकर हृदयाघात की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। पचंबा एफसी कार्यालय के टीम वरिष्ठ एमडी मुमताज आलम का कहना है कि सहारा इंडिया कंपनी ना हम कार्यकर्ताओ को बकाया लाभांश राशी दे रही है और न ही कोई निवेशकर्ताओं के जमाधन भुगतान की कोई समय सीमा। आज पिछ्ले तीन वर्षो से सहारा इंडिया कंपनी हम सभी कार्यकर्ताओ और निवेशकों को केवल तारीख पर तारीख दिए जा रही है। सरकार को इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने की जरूरत है अन्यथा आनेवाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। सहारा इंडिया कंपनी के कार्यकर्ता आनंद कुमार ने कहा कि कंपनी ने बड़े बड़े सपने दिखाकर हम कार्यकर्ताओ को ठगने का काम किया है। नि. वेशकों और कार्यकर्ताओ के जमाधन भुगतान करने की बारी आई तो सुप्रीम कोर्ट और सेबी का हवाला देकर समय को टाल रही है। सहारा इंडिया कंपनी के कार्यकर्ता रामदास राम जिनकी उम्र करीब 65वर्ष है ने बताया कि वे लगातार निवेशकों के द्वारा दिए जा रहे धमकी और अभद्र टिप्पणी के कारण हाई ब्लड प्रेशर का शिकार हो गए हैं। घर से निकलने में डर लगता है। कोई भी निवेशकर्ता कभी भी मुझपार हमला कर सकता है इसलिए घर के अंदर कैद होकर रह गया हूं। पिछ्ले दिनों कई कार्यकर्तायाओं को निवेश. कर्ताओं ने रास्ते में रोककर वाहन छीन लेने की धमकी दे डाली है और कई ने तो मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली है। इस विषय पर जब सहारा इंडिया कंपनी के पचंबा एफसी कार्यालय के मैनेजर से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि जब तक कंपनी के उच्च प्रबंधन द्वारा राशि मुहैया नही कराई जाएगी तब तक भुगतान संभव नहीं है। समय सीमा के बारे में पूछ्ने पर उन्होंने कहा कि अभी तक उच्च प्रबंधन द्वारा कोई समय सीमा तय नहीं की गई है जैसे ही कोई समय सीमा तय होगी जानकारी दी जाएगी। सहारा इंडिया कंपनी पचम्बा एफसी कार्यालय लगातार एक महिने तक बंद कर दी गई थी जिसकी वजह पूछ्ने पर मैनेजर अरुण कुमार राम ने बताया कि अ०फिस का किराया नहीं दे पाने के कारण मकान मालिक ने अ०फिस में ताला जड़ दिया था। प्रबंधन के रुखे रवैया के कारण आज के समय में पूरे देश के कार्यकर्त्ता और निवेशकर्ता आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। प्रबन्धन को जल्द ही भुगतान को लेकर कोई ठोस निर्णय लेने की जरुरत है। उन्होने कहा कि फिलहाल पचंबा एफसी कार्यालय को मेन रोड से स्थानांतरित कर गोशाला रोड पचम्बा में शिफ्ट किया गया है।

## 11वीं छात्रों के लिए इंटर विज्ञान पहली बैच 27 जून से प्रारंभ

### छात्रों को इंटर साइंस के साथ विशेष रूप से मेडिकल नीट और आईआईटी कक्षा दी जाएगी : दीपक गुप्ता






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही हजारीबाग रोड में स्थित वेक्टर क्लासेस में 11वीं छात्रों के लिए इंटर विज्ञान एंव आर्ट्स की पहली बैच 27 जून से जारी किया जा रहा है। वेक्टर क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते 8 वर्ष से इस संस्थान बेहतर शिक्षकों का टीम के कारण सभी छात्र–छात्राएं एक बेहतर रिजल्ट करते आ रहे हैं। गत वर्ष भी संस्थान के बच्चे बरही ट०पर रहे । संस्थान में लंबे अनुभवी शिक्षक इंजीनियर राजेश कुमार, बीआईटी के छात्र दिलीप राणा, सूरज कुमार, शिव कुमार,आर्यन गुप्ता, अरुण कुमार,आधीर मंडल, शीतल केशरी,कृष्णा राणा, ,दामोदर शर्मा छात्रों बेहतर सेवा निरंतर तत्पर है छात्रों के लिए साप्ताहिक सभी विषयों पर जैक एंव सीबीएसई पर आधारित टेस्ट, छात्रों के बीच ग्रुप में चर्चा, संदेश क्लासेस, अ०नलाइन सुविधा के साथ छात्रों को आईआईटी व नीट छात्रों को विशेष कक्षा भी दिया जाएगा। वही फाउंडेशन कोर्स के तौर पर सीबीएसई छात्रों के लिए नए पैटर्न पर क्लास 8 से 10 तक विशेष कक्षा जारी है। संस्थान में गरीब असहाय छात्रों निरूशुल्क कक्षा व शिक्षा सामग्री के लड़कियों पढ़ाओ योजना के तहत लड़कियों को विशेष सुविधा दी जाएगी।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आरके डीएफ विश्वविद्यालय रांची द्वारा ष्गुरु शिक्षा सम्मानष्समारोह का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह में ष्गुरु शिक्षा सम्मान ष्समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों , शिक्षाविदों, मीडिया प्रतिनिधि गण का सम्मान किया गया। शैक्षिक निदेशक डॉ राजीव रंजन ने कहा कि शिक्षा और शिक्षक के बीच अन्योंन्आश्रय संबंध है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। शिक्षकों का सम्मान का तात्पर्य है शिक्षा का सम्मान जिसकी आवश्यकता वर्तमान में अति आवश्यक है क्योंकि इसकी कमी दृष्टिगत हो रही है इसे दूर करना विद्यार्थी शिक्षक और समाज सब का कर्तव्य है। इस अवसर पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार कमल कांत दुबे, जनसंपर्क अधिकारी रामप्रवेश सिंह, हेड ब्रांडिंग एंड प्रमोशन के प्रमुख मिस्टर विकास राय उप. स्थित हुए। सुभाष ग्रुप संस्था के चेयरमैन संजय कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर आकाश परमहंस, प्राचार्य सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह के डॉ अनुज कुमार, सुभाष पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्या मौसमी भाद्रा, राजेश सिन्हा, गिरिडीह कोचिंग के हेड मुकेश सिंह धनबाद कोचिंग के हेड शामिल हुए आज तिवारी धनबाद कोचिंग संगठन के प्रमुख उपस्थित हुए इसके अतिरिक्त इस समारोह में गिरिडीह के दो सौ शिक्षाविद शामिल हुए।

## गिरिडीह महाविधालय गिरिडीह में विद्यार्थियों के अनुपात में प्राध्यापकों की घोर कमी

### गिरिडीह महाविद्यालय गिरिडीह में 8500 छात्र– छात्राएं अध्ययनरत हैं मगर प्रोफेसर मात्र 19 हैं ऐसे में कैसे हो पायेगी छात्र छात्राओं की पढाई : अभय कुमार, एनएसयूआई कार्यकारी अध्यक्ष

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के कांग्रेस छात्र संगठन (एनएसयूआई) कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभय कुमार के नेतृत्व में प्रति. निधि मंडल ने गिरिडीह उपायुक्त के नाम एनडीसी डॉ सुदेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। गिरिडीह महाविधालय में विभिन्न विषयों में स्नातक कर रहे छात्र छात्राओं की पढ़ाई हेतु प्रोफेसरों की भारी कमी को देखते हुए एनएसयूआई के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभय कुमार ने उपयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा एवं जल्द से जल्द इस कमी को दूर करने का आग्रह किया । अभय कुमार ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा की आज गिरिडीह महाविधालय गिरिडीह में आर्ट्स, साइंस, क०मर्स में प्रोफेसरों की भारी कमी है एवं कई ऐसे विभाग है, जहा केवल एक ही प्रोफेसर पदस्थापित है। गणित विभाग में मात्र एक ही प्रोफेसर है जिनको तत्काल वर्तमान में गिरिडीह क०लेज का प्राचार्य बनाया गया है,। गणित में यूजी– पीजी मिला के 2500 से अधिक छात्र छात्राएं है लेकिन इस विभाग में भी मात्र एक प्रोफेसर है। इसी तरह कॉमर्स विभाग मै यूजी पीजी मिलाकर कुल 1500 छात्रों के लिए एक ही प्रोफेसर है, फिजिक्स में एक, केमिस्ट्री में एक बोटनी में एक, क०मर्स मै एक प्रोफेसर है तथा आगे पढाई करने की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं ।जो की बहुत बड़ी समस्या है।, इसके लिए यथाशीघ्र ठोस कदम उठाए जाने चाहिए और समुचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है। ज्ञापन सौपने वालो में मुख्य रूप से छात्र नेता नितेश यादव, अंकित , अनिल मंडल, विनीत भाष्कर, यशराज, सुजीत मंडल, रवि मेहरा, शिवम मिश्रा मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में लटका ताला ग्रामीणों में दिखा आक्रोश

**अपेम लाइव : गांवा**

**मोजाहिद अली**



गांवा,गिरीडीह : बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति काफी दयनीय है। ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र कब खुलता और कब बंद होता है इसका पता भी लोगों को नहीं चल पाता है। यह कहना गलत नहीं कि केंद्रों का संचालन कागजों पर ही किया जा रहा है।मामला गांवा पंचायत के वार्ड नं 17 की है। शनिवार को वार्ड सदस्य मुकेश कुमार ने गांवा के हड़हडा आंग. नबाड़ी केंद्र की पड़ताल की जिसमें पता चला कि केंद्र कई दिनों से बंद रह रहा है, जिसके बाद ग्रामीणों का भी जुटाव हो गया। ग्रामीणों ने भी केन्द्र बंद होने पर जमकर हंगामा कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त केंद्र कई माह से बंद है जहां पर सेविका सुध लेने तक भी नहीं आती है और न ही किसी बच्चों के बीच पोषक तत्वों का वितरण होता है वहीं उप. स्थित कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की कई उपयोगी कार्यो के लिए से. विका के द्वारा पैसे की मांग भी किया जाता है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि यह केंद्र से सेविका को हटाकर नए सेविका की न्युक्ति किया जाए। वही स्थानीय वार्ड सदस्य मुकेश कुमार ने कहा कि मैं कई दिनों से केंद्र का पड़ताल कर रहा हूं परंतु केंद्र हमेशा बंद ही दिखाई मिलता है जिससे यहां के ग्रामीणों व बच्चों को बहुत सारे योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है एवं समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। वही पदस्थापित सहायिका चीना देवी ने कहा कि सेविका के गायब रहने से केंद्र कई माह से बंद है और हम लोग आते हैं तो ऐसे ही घूम कर वापस चले जाते है क्योंकि सेविका केंद्र में ताला लगाकर चाभी खुद ले गई हैं और जब हम इसका विरोध करते हैं तो वह बोलती है कि जो अधिकारी के पास जाना है जाओ हम देख लेंगे। इधर इस संबंध में पूछे जाने पर सेविका नीतू देवी ने कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार एवं बेबुनियाद हैं, मैं हमेशा केंद्र खोलती हूं। किसी कारणवश समय का पालन नहीं हो पा रहा है। आज भी मैं केंद्र गई थी परंतु जब तक मैं केंद्र पहुंची उससे पूर्व ही यह सारे घटना हो चुके थे।

## एलआइसी अभिकर्ताओं के साथ एजुकेशनल सेमिनार आयोजित किया गया





**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**

आज गिरिडीह जिला अंतर्गत बेंगाबाद प्रखंड स्थित छोटकी खरगडीहा में एलआइसी ऑफिस शाखा गिरिडीह के सीएलआईए शिवशंकर वर्मा और ईश्वर प्रसाद वर्मा ने टीम के अभिकर्ताओं के लिए एजुकेशनल सेमिनार आयोजित किया जिसमे करीब सौ अभिकर्ताओं ने भाग लिया। आज के इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सीएलआईए मैनेजर जीवन कुमार व विशिष्ट अतिथि के रुप में गिरिडीह एलआ. इसी ऑफिस शाखा प्रबंधक एसएस चौधरी और एबीएम सुमित गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत एक दूसरे को मान सम्मान और परिचय देकर किया गया। कार्यक्रम को बारी बारी से सभी अतिथियों ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने बताया कि आज के समय में ननबैंकिंग ने जिस तरह से लोगों की जमाधन को लेकर रातों रात रफूचक्कर हो गई उससे लोगों के मन में एलआइसी के प्रति विश्वास और मज़बूत हुआ है। अभिकर्ताओं को हरेक परिवार को एलआईसी की बेहतरीन पॉलिसियों से आच्छादित करने का आग्रह किया। वक्ताओं ने कहा कि एलआइसी के पास कई तरह की पॉलिसी उपलब्ध है जैसे कि टर्म इंश्योरेन्स प्लान, हेल्थ इंश्योरेंस प्लान, एंडोमेंट प्लान, मनी बैक प्लान, पेंशन प्लान, चाइल्ड प्लान, व्होललाइफ प्लान, यूलिप प्लान सिंगल प्रीमियम प्लान। आज एलआइसी के पास 38हजार करोड़ रुपए की पूंजी विद्यमान है। एलआइसी की प्रत्येक पॉ. लिसी की शत प्रतिशत गा. रंटी भारत सरकार देती है। पॉलिसी को मंथली मोड़, क्वार्टली मोड, हाफ ईयरली मोड़, ईयरली मोड और सिंगल मोड में प्रारंभ किया जा सकता है और अगर प्रीमियम मोड चेंज करनी हो तो पॉलिसी के अगले डीओसी डेट वाली मंथ में होगी। कोई भी पॉलिसी होल्डर को पॉलिसी के दूसरे वर्ष के उपरांत सिक्योर्ड लोन की सुविधा है। प०लिसी की लेप्सेशन टाइम को तीन वर्ष से घटाकर दो वर्ष कर दिया गया है। कोई भी पॉलिसी होल्डर अगर दो वर्ष तक प्रीमियम जमा कर देता है तो उनकी जमाधन पुर्णतः सुरक्षित हो जाती है। से. मिनार में शामिल हुए सभी एलआइसी अभि. कर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी थी। सेमिनार का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ संयुक्त रूप से सीएलआईए शिवशंकर वर्मा और ईश्वर प्रसाद वर्मा ने किया

## शार्ट सर्किट से घर मे लगी आग lलाखो की संपत्ति जलकर राख

### घटना की सूचना पाकर पहुँच प्रमुख रामु बैठा वा उप प्रमुख शेखर शरण दास






**अपेम लाइवः बिरनी**

**सब्बा अहमद**

बिरनी थाना क्षेत्र के बिरा. जपुर गांव में एक घर मे शनिवार दोपहर आचनक आग लग गई lजानकारी के मुताबिक बता दे कि बिराजपुर गांव निवासी लखन पंडित के घर मे शनिवार दोपहर आचनक घर मे आग लग गई। आग लगने के कारण शार्ट सर्किट बातया जा रहा है lउधर आग की घटना सुनकर जब ग्रमीणों ने घटनास्थल पर पहुचा जब तक आग आपने चपेट में लाखों की संपत्ति ले लिया था। वही समय रहते लोगों द्वारा आग पर काबू पाया गया। वही घटना की सूचना पाकर बिरनी प्रमुख रामु बैठा और उप प्रमुख शेखर शरण दास घटनास्थल पर पहुँचकर जायज लिया। औऱ बातया की इस घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इधर प्रमुख रामु बैठा वा उप प्रमुख शेखर शरण दास ने प्रशासन से मांग करते है कि तत्काल उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

## आरके वूमेंस कॉलेज गिरिडीह में डीएफ विश्वविद्यालय रांची द्वारा गुरु शिक्षा सम्मानसमारोह का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह में रांची विश्वविद्यालय रांची द्वारा सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह में ष्गुरु शिक्षा सम्मान ष्समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों , शिक्षाविदों, मीडिया प्रतिनिधि गण का सम्मान किया गया। शैक्षिक निदेशक डॉ राजीव रंजन ने कहा कि शिक्षा और शिक्षक के बीच अनुश्रय संबंध है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। शिक्षकों का सम्मान का तात्पर्य है शिक्षा का सम्मान जिसकी आवश्यकता वर्तमान में अति आवश्यक है क्योंकि इसकी कमी दृष्टिगत हो रही है इसे दूर करना विद्यार्थी शिक्षक और समाज सब का कर्तव्य है। इस अवसर पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार कमल कांत दुबे, जनसंपर्क अधिकारी रामप्रवेश सिंह, हेड ब्रांडिंग एंड प्रमोशन के प्रमुख मिस्टर विकास राय उप. स्थित हुए। सुभाष ग्रुप संस्था के चेयरमैन संजय कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर आकाश परमहंस, सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार, सुभाष पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्या मौसमी भाद्रा, राजेश सिन्हा, गिरिडीह कोचिंग के हेड मुकेश सिंह धनबाद कोचिंग के हेड शामिल हुए। आज तिवारी कोचिंग संगठन धनबाद के प्रमुख उपस्थित हुए इसके अतिरिक्त इस समारोह में गिरिडीह के दो सौ शिक्षाविद शामिल हुए।

APEM LIVE